Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 01-03-2006
Participants : Singh Kunwar Rewati Raman

>

Title : Need to solve acute drinking water problem at New Tehari, Uttaranchal.

श्री रेवती रमन सिंह (इलाहाबाद) : अध्यक्ष महोदय, बांध की झील में डूब चुके टिहरी शहर के वासियों को नयी टिहरी में बसाया गया है। पानी के अभाव में लोग नयी टिहरी से पलायन करने लगे हैं, इस वजह से व्यवसायियों का काम-धंधा चौपट हो रहा है। तीन ओर से भिलंगना और भागीरथी नदियों से घिरे टिहरीवासियों को पहाड़ की चोटी पर पटक कर अब पानी के लिए भी तड़पाया जा रहा है और जिस टिहरी बांध से देश की राजधानी दिल्ली की प्यास बुझाने की बात की जा रही है, उससे टिहरीवासियों की प्यास बुझाने के माकूल इंतजाम नहीं है।

उत्तर भारत के मैदानों में जबरदस्त गर्मी पड़ने के आसार हैं। बिजली-पानी की कमी, गर्मी की भीणता को और बढ़ायेगी। हिमालय और उत्तरांचल के कुछ हिस्सों में फरवरी की गर्मी का रिकार्ड टूटा है। गलेशियर भी सिकुड़ रहे हैं। ऐसे में टिहरी के पेयजल संकट पर ध्यान देने की आवश्यकता है।